प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 03.06.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. लोकसभा चुनाव की कल होने वाली मतगणना के लिये सभी तैयारियां पूरी : निर्वाचन आयोग की वेबसाइट और वोटर हेल्पलाइन ऐप पर उपलब्ध होंगे रुझान और परिणाम।
2. लोकसभा चुनाव में 64 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने भाग लेकर बनाया विश्व रिकॉर्ड : 31 करोड़ से अधिक महिला मतदाताओं ने डाल वोट।
3. राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र बैठक के लिये पहुंचे अयोध्या : कहा– मंदिर परिसर में संतों के लिये बनाया जायेगा आडिटोरियम आर विश्राम गृह।

और

4. मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिये प्रदेश में लू को लेकर जारी किया ऑरेंज अलर्ट : 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना।

————————

लोकसभा चुनाव की कल होने वाली मतगणना के लिये प्रदेश में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 80 लोकसभा सीटों के साथ ही चार विधानसभा सीटों के उप–चुनाव की मतगणना कल होगी। वोटों की गिनती सवेरे आठ बजे शुरू होगी। निर्वाचन आयोग ने बताया है कि रुझान और

परिणाम आयोग की वेबसाइट results.eci.gov.in और वोटर हेल्पलाइन ऐप पर भी उपलब्ध होंगे। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश के 75 जनपदों में 81 मतगणना केन्द्रों पर कल मतगणना होगी। मतदान विधानसभा क्षेत्रवार होगी। इसके बाद लोकसभा क्षेत्र में समाहित विधानसभा क्षेत्रों के परिणाम को जोड़ कर लोकसभा क्षेत्र का परिणाम घोषित किया जायेगा। सभी स्ट्रॉन्ग रूम, जहां मतदान वाले ईवीएम रखे गए हैं, तीन–स्तरीय सुरक्षा घेरे में हैं। संबंधित उम्मीदवार सीसीटीवी कवरेज के माध्यम से स्ट्रांग रूम की व्यवस्था पर चौबासों घंटे नज़र रख रहे हैं। उन्होंने बताया कि सभी मतगणना केंद्रों पर वीडियो और स्टैटिक कैमरे लगाए गए हैं, साथ ही मीडिया सेंटर भी बनाए गए हैं। मतगणना की सतत निगरानी के लिये सामान्य प्रेक्षकों के साथ अतिरिक्त प्रेक्षकों की नियुक्ति की गई है।

प्रदेश के अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार और पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने आज लखनऊ में संयुक्त प्रेस वार्ता कर कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से मतगणना कराने के लिए शासन और पुलिस प्रशासन ने सारी तैयारियां कर ली हैं। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि मतगणना स्थल पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। सबसे भीतरी घेरा केंद्रीय सुरक्षा बल, बीच का घेरा पीएसी और सबसे बाहरी घेरा स्थानीय पुलिस के जिम्मे रहेगा। उन्होंने लोगों से अपील

की है कि मतगणना से जुड़ी फर्जी खबरों पर ध्यान न दें। सोशल मीडिया पर अफवाह न फैलाई जाए, इस पर नजर रखी जा रही है। ऐसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उधर, मतगणना के लिये प्रदेश भर के जनपदों में आज तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। जौनपुर के पुलिस लाइन ग्राउंड में दंगा नियंत्रण उपकरणों की मॉक ड्रिल की गई। वहीं बुलंदशहर में तैयारियों के संबंध में मेरठ मंडल आयुक्त और आईजी ने मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। उधर चित्रकूट, फतेहपुर और अयोध्या में मतगणना को स्वतंत्र और निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए प्रक्षक और जिलाधिकारी द्वारा मतगणना कार्मिकों का रेंडमाइजेशन किया गया। रायबरेली में मतगणना के लिए सभी तैयारियां पूरी की गई। यहां 1200 पुलिस कर्मियों की तैनाती रहेगी।

---

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा है कि भारत के लोकसभा चुनाव में 64 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं ने भाग लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाया है। आज नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री कुमार ने कहा कि यह सभी जी–7 देशों– अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान और कनाडा के मतदाताओं की संख्या का डेढ़ गुना है। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में 31 करोड़ स ज्यादा महिला मतदाताओं ने वोट

डाला, जो दुनिया में अब तक सबसे ज्यादा है। उन्होंने यह भी कहा कि 2019 के आम चुनाव में 540 पुनर्मतदान के विपरीत इस चुनाव में केवल 39 पुनर्मतदान हुए।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में हिंसा की कोई बड़ी घटना नहीं हुई। उन्होंने कहा कि 2019 में 3500 करोड़ रुपये की तुलना में 10 हजार करोड़ रुपये की जब्त किये गये, जिसमें नकदी, मुफ्त, ड्रग्स और शराब शामिल हैं। इस आम चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की 495 शिकायतों में से 90 प्रतिशत से अधिक का निपटारा किया गया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने मजबूत मतगणना प्रक्रिया से संबंधित विवरणों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मतगणना केंद्रों पर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की तीन स्तरीय सुरक्षा लगाई गई है।

प्रत्येक मतगणना टेबल पर माइक्रा पर्यवेक्षकों के साथ–साथ मतगणना केंद्रों पर चौबीसों घंटे सीसीटीवी कवरेज की जाएगी।

*चुनाव लड रहे हैं जो काउंटर पर बैठे हुए हैं, जो 17सी ले रहे हैं, जो कन्टेस्ट कर रहे हैं, वहां से कोई शिकायत नहीं है तो फिर पता नहीं कहां से है। सो सब पारदर्शिता से काम होगा और हमने यह भी कहा है उनको अगर फिर भी कोई गलत तरीके से, किसी भी गलत मंशा से उपद्रव करना चाहता है तो उसको बहुत सख्ती से निपटे, यह उनका काम है, सबको फेसिलेट करें। –––अंग्रेजी।*

श्री कुमार ने कहा कि विपक्षी दल के प्रतिनिधिमंडल द्वारा आयोग के समक्ष उठाये गये सभी मुद्दों का समाधान

कर लिया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा चुनाव अधिकारियों को बुलाने के कांग्रेस नेता जयराम रमेश के आरोप पर उन्होंने कहा कि अफवाह फैलाना सही नहीं है।

————————

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज लखनऊ में प्रेसवार्ता कर दावा किया कि इस लोकसभा चुनाव में इंडिया ब्लॉक की जीत होगी। उन्होंने कहा कि इस चुनाव को जनता ने खुद लड़ा है। जनता भाजपा के खिलाफ आंदोलित है। इस लोकसभा चुनाव में इंडिया ब्लॉक की जीत देश की जनता की जीत होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने चुनावी बॉन्ड से भ्रष्टाचार किया है। भाजपा ने पूंजीपतियों का कर्ज माफ किया, लेकिन किसानों का कर्ज माफ नहीं किया। विकास के झूठे आंकड़े देकर जनता को ठगा है।

————————

## ब्रेक

अब लेते है ब्रेक............................(म्यूजिक प्रोमो)

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————————

राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने कहा कि मंदिर के द्वितीय तल पर बनने वाले राम दरबार में राम

दरबार की मूर्ति संगमरमर की होगी। समिति की बैठक में शामिल होने अयोध्या पहुंचे श्री मिश्र ने बताया कि परिसर में बन रहे सप्त मंदिर का निर्माण अक्टूबर तक पूरा हो जाएगा। उन्हांने बताया कि कि परिसर में एक म्यूजियम बनाया जा रहा है, जहां रामायण कालीन वस्तुएं रखी जाएंगी। इसके अलावा परिसर में ऑडिटोरियम का निर्माण भी होगा, इसका काम जुलाई के पहले सप्ताह शुरू हो जायेगा। बाइट..........

*मंदिर निर्माण समीक्षा की जाती है क्योंकि एक लक्ष्य है कि दिसंबर 2024 तक मंदिर पूर्ण होना है। महत्वपूर्ण विषय था वह था ऑडिटोरियम बनाने का जुलाई के प्रथम सप्ताह में आधारशिला उसकी डाल दी जाएगी और उसे भी लगभग लगभग 12 महीने में पूर्ण कर लिया जाएगा। ऑडिटोरियम का यहाँ पर महत्व इसलिए भी है की बहुत सारे जो कार्यक्रम है भगवान रामलला से संबंधित वो ऑडिटोरियम में ही होंगे और वहीं पर जो साधु संतों के लिए गेस्ट हाउस का भी निर्माण किया जाएगा।*

——————

देशभर में अमूल दूध का मूल्य आज से 2 रुपये प्रति लीटर बढ़ गया है। गुजरात सहकारी दूध विपणन संघ ने दूध के पॉली–पैक की कीमत में दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोत्तरी की घोषणा की है। इससे पहले फरवरी 2023 में अमूल दूध की कीमत में बढ़ोत्तरी हुई थी। नई बढ़ोतरी से आधा लीटर अमूल भैंस का दूध 36 रुपये, आधा लीटर अमूल गोल्ड दूध 33 रुपये और आधा लीटर अमूल शक्ति दूध 30 रुपये का हो जाएगा।

———————

प्रदेश में लू और तेज गर्मी का सिलसिला जारी है। बीते 24 घंटे में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 46 दशमलव दो डिग्री सेल्सियस फेतहपुर में रिकार्ड किया गया। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिये प्रदेश के अलग–अलग जनपदों में लू को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मासम विभाग का पूर्वानुमान है कि आने वाले दो दिनों में पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लू का असर बना रहेगा। कहीं–कहीं पर 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। वहीं कुछ स्थानों पर गरज के साथ बौछारें भी पड़ सकती हैं।

———————

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण–एनएचएआई ने देशभर में टोल टैक्स में औसतन पांच फीसदी की बढ़ोतरी की है।

(समाप्त)